नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), उत्तरी दिल्ली की पत्रिका की दिनांक 09 अप्रैल, 2026 की बैठक के कार्यवृत्त

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), उत्तरी दिल्ली की पत्रिका समिति की दिनांक **09 अप्रैल, 2026** को पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण के समिति कक्ष में एक बैठक आयोजित की गयी, जिसमें निम्न अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया;

1. **श्री जय नारायण उपाध्याय,** वरिष्ठ हिन्दी अधिकारी, राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला, दिल्ली। - समिति अध्यक्ष
2. **श्रीमती मीनाक्षी गौड़,** हिंदी अधिकारी, राष्ट्रीय विज्ञान संचार एवं नीति अनुसंधान संस्थान - सदस्य
3. **श्रीमती अलका ठाकुर,** सहायक निदेशक, कार्मिक प्रतिभा केंद्र (सेप्टेम), नई दिल्ली। - सदस्य
4. **श्रीमती इरा गुप्ता,** अधीक्षक, प्रकाशन विभाग, दिल्ली| - सदस्य
5. **श्रीमती सरिता शर्मा,** सहायक कमांडेट (राजभाषा), कार्यालय पुलिस महा-निरीक्षक, कोबरा सेक्टर मुख्यालय, नई दिल्ली। - सदस्य
6. **डॉ. डी. एस. पिलानिया,** सदस्य सचिव, नराकास, पौधा किस्म परीक्षक एवं प्रभारी (हिन्दी प्रकोष्ठ), पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण, भारत सरकार, नई दिल्ली। - सदस्य सचिव

डॉ. डी. एस. पिलानिया, सदस्य सचिव, नराकास, पौधा किस्म परीक्षक एवं प्रभारी (हिन्दी प्रकोष्ठ), पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण, भारत सरकार द्वारा पत्रिका समिति के सदस्यों का स्वागत किया गया तथा सभी सदस्यों को मद जो विचार विमर्श किए जाने है की जानकारी दी गयी।

बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा और विचार विमर्श किया गया तथा निर्णय लिया गया जो निम्न प्रकार है:

- नराकास (उत्तरी दिल्ली) की पत्रिका का विमोचन आगामी छमाही बैठक में किया जाना सुनिश्चित किया गया है|
- सभी सदस्यों द्वारा विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया कि पत्रिका की विषयवस्तु के लिए सभी सदस्य कार्यालयों से कार्यालयों का संक्षिप्त परिचय एवं गतिविधियाँ और फ़ोटो मंगवाई जाएंगी|
- बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि संक्षिप्त परिचय एवं गतिविधियों का आलेख 2 पृष्ठ में, फोंट साइज़ -12, वर्ड फॉरमेट तथा यूनिकोड में मंगवाना है|
- उक्त पत्रिका में प्रकाशन हेतु आलेख मंगवाने की समय सीमा दिनांक 20 अप्रैल, 2026 तक की तय की गई है तथा आलेखों का मूल्यांकन के पश्चात् दिनांक 20 मई, 2026 तक अंतरिम रूप से तैयार कर लिया जाएगा पत्रिका को मुद्रण हेतु ससमय भेजा जा सके|
- पत्रिका के प्रत्येक पृष्ठ के नीचे प्रेरक प्रसंग लिखा जाएगा|
- आलेख आने के पश्चात् मूल्यांकन हेतु उक्त समिति के सदस्य कार्यालयों को भेजे जाने का निर्णय लिया गया है|

डॉ. डी. एस. पिलानिया, सदस्य सचिव, नराकास (उत्तरी दिल्ली) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त की गयी।